तापमान
अधिकतम 37.6 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, बुधवार 17 जून 2026

14 रिहायशी कॉलोनियों से गंदगी हटाने पर कसरत, हर वार्ड में बनेगी निगरानी कमेटी



14 शहीद स्मारक के ओपन एयर थियेटर पर बिखरेगी शौर्य की रंगीन आभा



## खबर संक्षेप

### पश्चिमी यमुना नहर से मिला युवक का शव

**इंद्री।** इंद्री के गांव बढेडी के समीप पश्चिमी यमुना नहर से एक युवक का शव मिला। नहर के किनारे से गुजर रहे राहगीरों ने जैसे ही शव को पानी में तैरता हुआ देखा तो तुरंत इसकी सूचना डायल-112 और इंद्री पुलिस को दी। सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम और इंद्री पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने लोगों की सहायता से शव को नहर से बाहर निकलवाया। जांच के दौरान मृतक की पहचान यमुनानगर निवासी अतीतेश के रूप में हुई। इंद्री थाने से मौके पर पहुंचे जांच अधिकारी जितेंद्र ने बताया कि पुलिस को पश्चिमी यमुना नहर में शव होने की सूचना मिली थी।

### अवैध देसी कट्टा और जिंदा राउंड के साथ युवक काबू

**यमुनानगर।** सीआईए वन पुलिस टीम ने गांव दुसानी के पास से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध देसी कट्टा व जिंदा राउंड बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार सीआईए वन पुलिस टीम में तैनात सिटी कमलदीप ने सदर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह देर शाम टीम के साथ गश्त कर रहा था। इस दौरान टीम को सूचना मिली थी कि गांव दुसानी के पास एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहा है।

### 13 ग्राम हेरोइन सहित किया गिरफ्तार

**अंबाला।** ऑपरेशन मैदान अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी के नेटवर्क को तोड़ते हुए 13 ग्राम हेरोइन मामले में मोटरसाईकिल सवार आरोपी सागर कुमार निवासी टंकी मौहल्ला को टांगरी नदी से काबू किया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी सागर नशे की तस्करी करता है। इसी आधार पर पुलिस के एएनसी सैल ने नाकाबंदी कर आरोपी को हेरोइन समेत काबू किया है।

### इसराना में बिजली कर्मचारियों का प्रदर्शन

**इसराना।** ऑल हरियाणा पावर कॉर्पोरेशन वर्कर्स यूनियन ने इसराना पावर हाउस परिसर में हरियाणा एग्रो डिस्कॉम के नोटिफिकेशन के विरोध में प्रदर्शन किया। यूनियन के सब यूनिट प्रधान धर्मवीर शर्मा के नेतृत्व में कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए नोटिफिकेशन की प्रतियां जलाई। उन्होंने इसे कर्मचारी और उपभोक्ता विरोधी बताते हुए स्मार्ट मीटर और नई नीति को वापस लेने की मांग की। प्रदर्शन में बलकार, जितेंद्र, संदीप राठी, संजू, राजेश शर्मा, जेई राजेश और जेई विनोद सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## छावनी के हर वार्ड को मिलेगा एक-एक करोड़

# अंबाला शहर में 104 करोड़ से बनेगा 60 एमएलडी एसटीपी

आधुनिक सीसीटीवी निगरानी प्रणाली स्थापित करने की तैयारी, मंत्री अनिल विज ने नप अधिकारियों को जल्द फंड जारी करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

चंडीगढ़ में परचेज कमेटी बैठक में सीएम ने विकास परियोजनाओं को दी मंजूरी। अंबाला शहर और छावनी में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार तथा विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। अंबाला शहर के देवीनगर में 104 करोड़ रुपये की लागत से 60 एमएलडी क्षमता का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) बनाया जाएगा, वहीं अंबाला में आयोजित समीक्षा बैठक में मंत्री अनिल विज ने कहा की छावनी नगर परिषद के सभी 32 वार्डों में विकास कार्यों के लिए प्रत्येक वार्ड को एक-एक करोड़ रुपये की राशि उपलब्ध कराई जाएगी और विभिन्न विकास परियोजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में शहरी स्थानीय निकाय विभाग के आयुक्त एवं सचिव अशोक कुमार मीणा, निदेशक मुकुल कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में बताया गया कि अंबाला शहर के देवीनगर में 60 एमएलडी क्षमता के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण पर 104 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके अलावा अंबाला सदर के जलभराव वाले क्षेत्रों में वाटर ड्रेनेज निर्माण को भी मंजूरी दी गई है।



अंबाला। अधिकारियों की मीटिंग लेते मंत्री अनिल विज।

### सीसीटीवी, ई-लाइब्रेरी समेत विकास योजनाओं को मिली मंजूरी

छावनी के विकास कार्यों को गति देने के लिए प्रत्येक वार्ड की जरूरत के अनुसार प्रस्ताव लेकर एक-एक करोड़ रुपये की राशि जारी की जाएगी। मंत्री अनिल विज ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विकास कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। बैठक में बताया गया कि सुभाष पार्क में अत्याधुनिक सुविधाओं वाली ई-लाइब्रेरी का निर्माण शीघ्र शुरू होगा। रामबाग रोड पर आधुनिक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बनाया जाएगा, जबकि सुभाष पार्क में स्क्वैश कोर्ट के निर्माण की योजना पर भी तेजी से काम किया जा रहा है। इसके अलावा कंपोजिट इंटीग्रेटेड डेयरी कॉम्प्लेक्स, पशु चिकित्सालय तथा अन्य आधारभूत ढांचागत परियोजनाओं को भी प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। नन्हेड़ा, मिलाप नगर, रांगिया मंडी, आनंद विहार सहित आसपास के क्षेत्रों में सीवरेज नेटवर्क के विस्तार और सुदृढ़ीकरण की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि इन क्षेत्रों में जल्द ही निविदाएं आमंत्रित की जाएंगी। साथ ही फ्रेट कॉरिडोर परियोजना और नगर परिषद के नए भवन के निर्माण पर भी विस्तृत चर्चा हुई। मंत्री अनिल विज ने अंबाला छावनी में व्यापक स्तर पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण इस क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करना जरूरी है। अधिकारियों ने बताया कि लगभग 10 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक सीसीटीवी निगरानी प्रणाली स्थापित करने का प्रस्ताव तैयार कर सरकार को स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव सुमिता मिश्रा, ए.के. सिंह, पंकज यादव, पी.सी. मीणा, जे. गणेशन, देवेंद्र दहिया तथा नगर परिषद अंबाला छावनी के कार्यकारी अधिकारी देवेंद्र नरवाल सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# एनडीपीएस आरोपी को छुड़ाने के लिए सीआईए टीम पर हमला

## आरोपी के बचाओ में कुछ लोगों ने पुलिस की गाड़ी पर पथराव कर तोड़ी गाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

यमुनानगर में एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार करने पहुंची सीआईए असंध (करनाल) की टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। पथराव में पुलिस वाहन के शीशे टूट गए और भीड़ आरोपी को पुलिस की गिरफ्त से छुड़ाकर ले गई। घटना मंगलवार शाम करीब छह बजे रादौर क्षेत्र की डेहा बस्ती में हुई। जानकारी के अनुसार सीआईए असंध की टीम उपनिरीक्षक प्रवीण कुमार के नेतृत्व में फरार आरोपी राजेंद्र निवासी इंद्री को पकड़ने के लिए डेहा बस्ती पहुंची थी। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी वहीं मौजूद है। टीम ने उसे काबू भी कर लिया था, लेकिन इसी दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और पुलिस कार्रवाई का विरोध शुरू कर दिया। आरोप है कि ग्रामीणों ने पुलिस टीम पर पथराव कर दिया, जिससे पुलिस वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कुछ महिलाओं ने भी पुलिस कर्मियों के साथ धक्का-मुक्की की और विरोध के दौरान दांत तक काट लिए।



यमुनानगर। रादौर क्षेत्र में पुलिस टीम पर हमला करते ग्रामीण।

### भीड़ हुई बेकाबू

अचानक हुए हमले से पुलिस टीम असहज हो गई और भीड़ आरोपी राजेंद्र को छुड़ाकर अपने साथ ले गई। स्थिति बिगड़ती देख सीआईए टीम ने किसी तरह मौके से निकलकर अपनी जान बचाई और घटना की सूचना थाना रादौर पुलिस को दी। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। पुलिस अब सरकारी कार्य में बाधा डालने, पुलिस टीम पर हमला करने, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और आरोपी को छुड़ाने के आरोप में केस दर्ज करने की तैयारी में है। हमले में शामिल लोगों की पहचान की जा रही है, जबकि फरार आरोपी राजेंद्र की तलाश के लिए दोबारा अभियान शुरू कर दिया गया है। घटना के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है।



घरौंडा। अवैध कॉलोनियों के खिलाफ कार्रवाई करती जिला नगर योजनाकार विभाग की टीम।

## घरौंडा में 41 एकड़ में विकसित चार अवैध कॉलोनियों पर चला बुलडोजर

- डीटीपी विभाग ने पुलिस बल की मौजूदगी में की तोड़फोड़ की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जिला नगर योजनाकार की टीम ने पुलिस बल के सहयोग से घरौंडा क्षेत्र में विकसित की जा रही चार अवैध कॉलोनियों के खिलाफ तोड़फोड़ की कार्रवाई की। यह अभियान ड्यूटी मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में चलाया गया।

जिला नगर योजनाकार गुंजन ने बताया कि पहली अवैध कॉलोनी कैमला रोड स्थित गढ़ी मुल्तान क्षेत्र में लगभग 13 एकड़ भूमि पर विकसित की जा रही थी। यहां चार डीपीसी, एक प्लॉट की चारदीवारी, कॉलोनी की चारदीवारी तथा बनाई गई कच्ची सड़कों को ध्वस्त किया गया।

दूसरी अवैध कॉलोनी डिंगर माजरा रोड पर लगभग 10.5 एकड़ क्षेत्र में विकसित हो रही थी, जहां विभाग ने सभी कच्ची सड़कों को नष्ट कर दिया। इसी प्रकार तीसरी अवैध कॉलोनी भी डिंगर माजरा रोड पर लगभग 11 एकड़ क्षेत्र में पाई गई, जिसमें बनाई गई सड़कों को ध्वस्त किया गया।

चौथी अवैध कॉलोनी डिंगर माजरा रोड पर ही करीब 6.5 एकड़ भूमि पर विकसित की जा रही थी। विभाग ने यहां भी सभी कच्ची सड़कों को हटाने की कार्रवाई की।

डीटीपी ने बताया कि जिले में अवैध कॉलोनियों और अवैध निर्माणों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। ऐसे मामलों में एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया भी अपनाई जा रही है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि किसी भी कॉलोनी में प्लॉट खरीदने से पहले उसकी लाइसेंस संबंधी जानकारी की जांच अवश्य करें और केवल वैध कॉलोनियों में ही निवेश करें।

## गैंगस्टर सचिन की पत्नी काबू, गैंग को देती थी आर्थिक मदद

**अंबाला।** स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) अंबाला यूनिट ने रूस में बैठकर आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दे रहे कुख्यात गैंगस्टर सचिन की पत्नी और गैंग की सक्रिय सदस्य ममता रानी को गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला गैंग को वित्तीय मदद और लॉजिस्टिक सहायता मुहैया करा रही थी। डीएसपी अमन के अनुसार एसटीएफ ने 15 मार्च को यमुनानगर के थाना छप्पर में संगठित अपराध धारा 111 और आर्म्स अमेंडमेंट एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया था। इस कार्रवाई के दौरान गैंग के कुछ सदस्यों को भारी मात्रा में अवैध हथियारों के साथ दबोचा गया था। पूछताछ में खुलासा हुआ था कि यह गैंग यमुनानगर के एक कार सेल-परचेज व्यवसायी की हत्या करने की फिराक में था। इसी साजिश की कड़ियों को जोड़ते हुए जांच टीम सीधे गैंगस्टर सचिन की पत्नी ममता रानी तक पहुंची जो करनाल के गांव धनौरा की रहने वाली है। जांच में सामने आया है कि ममता रानी का पति गैंगस्टर सचिन लंबे समय से रूस में छिपा हुआ है। वह विदेश में बैठकर ही भारत में अपने शूटरों और गुर्गों को ऑपरेट करता है। गैंग की रंगदारी और अन्य आपराधिक गतिविधियों से आने वाले पैसे का प्रबंधन और लॉजिस्टिक सपोर्ट ममता रानी ही देख रही थी।



अंबाला। एसटीएफ के हत्थे चढ़ी आरोपी ममता रानी।

## विदेश भेजने के नाम पर युवक से हड़पे 24 लाख रुपये

**यमुनानगर।** विदेश भेजने के नाम पर गांव पंजेटों निवासी सुरेश कुमार से 24 लाख रुपये हड़प लिए गए। आरोप यमुनानगर की कृष्णा कॉलोनी निवासी जसप्रीत सिंह, उसकी मां परविंदर कौर व रमनजीत सिंह पर लगा है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार पंजेटों निवासी सुरेश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह रोजगार के लिए विदेश जाना चाहता था। इस दौरान उसकी मुलाकात यमुनानगर की कृष्णा कॉलोनी निवासी जसप्रीत सिंह, उसकी मां परविंदर कौर व रमनजीत सिंह के साथ हुई। आरोपियों ने उसे बताया कि वह लोगों को विदेश भेजने का काम करते हैं। वह उसे भी रोजगार के लिए विदेश भेज देंगे। वह आरोपियों की बातों में आ गया। आरोपियों ने उसे विदेश भेजने के नाम पर 24 लाख रुपये का खर्च आने की बात कही। सुरेश कुमार ने बताया कि 10 अप्रैल 2025 से 26 अक्टूबर 2025 के बीच उसने आरोपियों को उक्त पैसे व दस्तावेज दे दिए। आरोपियों से जल्द विदेश भेजने का आश्वासन दिया। मगर काफी दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों ने उसे विदेश नहीं भेजा। जब उसने आरोपियों से बात की तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परेशान होकर जब उसने आरोपियों से पैसे वापस मांगे तो आरोपियों ने पैसे देने से मना कर दिया।

### पंचायती भूमि पर लगी बाबा साहेब की प्रतिमा की खंडित

**यमुनानगर।** गांव जठलाना में पंचायती भूमि पर लगी बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा खंडित करने का मामला सामने आया है। आरोप गांव के ही सूरजभान पर लगा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी सूरजभान के खिलाफ धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में केस दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव जठलाना निवासी आंसू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके गांव में पंचायती भूमि पर बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा लगी हुई है। 15 जून को दोपहर 12 उनके गांव के ही सूरजभान ने बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा को खंडित कर दिया। आरोपी ने प्रतिमा की बाजू और मुंह को नुकसान पहुंचा और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का कार्य किया है। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी सूरजभान के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी।

## दुबई में हुए हादसे में युवक की मौत, कर्ज तले दबा परिवार

- 11 महीने पहले गया था विदेश
- विदेश में मौत होने की वजह से नहीं बन पा रहा है मृत्यु प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



रोजगार की तलाश में दुबई गए 30 वर्षीय युवक रिंकू सिंह की सड़क हादसे में मौत हो गई। उनकी मौत की खबर के बाद से पूरे गांव में मातम पसरा है। बेटे की मौत के बाद परिवार कर्ज के बोझ तले दब गया है। 11 महीने पहले विदेश गए रिंकू का गांव में अंतिम संस्कार किया गया। परिजनों ने 7 लाख रुपये का कर्ज लेकर उन्हें विदेश भेजा था। रिंकू सिंह दुबई में ट्रक चालक के रूप में कार्यरत थे। ड्यूटी के दौरान अचानक ट्रक का अगला टायर फटने से वाहन अनियंत्रित हो गया और मौके पर ही रिंकू की जान चली गई। मृतक के चचेरे भाई गुरमीत सिंह ने बताया कि रिंकू अपने माता-पिता का सहारा थे। घर की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए परिजनों ने 7 लाख रुपये का कर्ज लेकर उन्हें विदेश भेजा था। बेटे की मौत ने बुजुर्ग माता-पिता को झकझोर कर रख दिया है। दुख की इस घड़ी में अब सरकारी कागजी कार्रवाई उनके लिए नई मुसीबत बन गई है। साथ लगते माजरी अस्पताल में उन्हें बताया गया कि उसका मृत्यु प्रमाणपत्र यहां नहीं बनेगा। प्रमाणपत्र के अभाव में बीमा क्लेम और अन्य सरकारी सहायता की प्रक्रिया रुकी हुई है। ग्रामीणों ने जल्द ही आला अधिकारियों से मुलाकात करने का निर्णय लिया है।

### पालिका का अनोखा फैसला : बरसात में गंदगी और जलभराव रोकने के लिए पहल

# निर्माण कार्य पूरा होते ही तुरंत हटाना होगा गलियों से मलबा

- नगरपालिका चेयरमैन बोलीं, सड़कों पर मलबा छोड़ने वालों पर होगी सख्ती
- मलबा फेंककर मालिकाना हक से किया इनकार तो जनता करेगी इसका उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नीलोखेड़ी

- शिकायत मिलने पर पालिका लगाएगी जुर्माना

शहर में सड़कों, गलियों और फुटपाथों पर निर्माण कार्य के बाद छोड़े जाने वाले मलबे की समस्या से निपटने के लिए नगरपालिका ने सख्त रुख अपनाया है। नगरपालिका चेयरमैन सन्मीत कौर आहूजा ने कहा कि निर्माण कार्य पूरा होने के बाद संबंधित व्यक्ति को तत्काल मलबा हटाना होगा। यदि कोई व्यक्ति सार्वजनिक स्थान पर मलबा डालकर उसकी जिम्मेदारी लेने से इनकार करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी और उस मलबे का उपयोग आमजन कर सकेगा। चेयरमैन ने बताया कि शहर में कई स्थानों पर मकानों के निर्माण, मरम्मत या अन्य कार्यों के बाद मलबा सड़कों, फुटपाथों और नालों के किनारे छोड़ दिया जाता है। जब नगरपालिका की ओर से उसे हटाने के लिए कहा जाता है तो कई लोग उससे अपना संबंध होने से ही इनकार कर देते हैं। इससे न केवल शहर की सुंदरता प्रभावित होती है, बल्कि गंदगी और प्रदूषण भी बढ़ता है।



### सार्वजनिक स्थानों पर सफाई जरूरी

समस्या के समाधान के लिए नगरपालिका ने एक अनोखी पहल की है। चेयरमैन ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति सार्वजनिक स्थान पर मलबा डालकर उसे उठाने से इनकार करता है या उसकी मिल्कियत स्वीकार नहीं करता, तो उस मलबे को लावारिस माना जाएगा। ऐसे में कोई भी शहरवासी उस मलबे का उपयोग अपने निर्माणाधीन मकान, खाली प्लॉट में भराई अथवा अन्य जरूरत के कार्यों में कर सकता है। इससे एक ओर सार्वजनिक स्थानों पर सफाई बनी रहेगी और दूसरी ओर मलबे का उपयोग भी हो सकेगा।

### ये समस्याएं होती हैं

चेयरमैन ने कहा कि बरसात के मौसम में यह समस्या और गंभीर हो जाती है। मलबे के ढेरों में जहरीले जीव-जंतु पनपने लगते हैं, जो आसपास के घरों में घुसकर लोगों के लिए खतरा पैदा करते हैं। वहीं नालों और नालियों के किनारे पड़ा मलबा जल निकासी व्यवस्था को प्रभावित करता है, जिससे ब्लॉकेज, जलभराव और बदबू जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। इसका खामियाजा आम नागरिकों को भुगतना पड़ता है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि यदि कहीं सार्वजनिक स्थान पर मलबा पड़ा दिखाई दे तो उसकी सूचना तुरंत नगरपालिका को दें। यदि कोई व्यक्ति लावारिस घोषित मलबे के उपयोग में बाधा डालता है या बाद में उस पर अपना दावा करता है तो उसकी भी शिकायत की जाए। ऐसे मामलों में नगरपालिका जांच कर दोषी व्यक्ति के खिलाफ जुर्माना लगाने सहित सख्त कार्रवाई करेगी।

### नागरिकों का सहयोग जरूरी

चेयरमैन ने कहा कि शहर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाए रखने के लिए नागरिकों का सहयोग जरूरी है। सार्वजनिक स्थानों पर मलबा फेंकना न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि यह पूरे शहर की स्वच्छता और स्वास्थ्य के लिए भी खतरा है। इसलिए निर्माण कार्य पूरा होते ही मलबा हटाना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।

## खबर संक्षेप



### रक्तदान शिविर में 84 यूनिट रक्त एकत्रित

**यमुनानगर।** जिला जेल प्रशासन द्वारा जेल के कम्युनिटी सेंटर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जेल के कर्मचारियों व अधिकारियों ने रक्तदान किया। शिविर का शुभारंभ जेल अधीक्षक सत्येंद्र कुमार ने किया। उन्होंने बताया कि जिला सिविल सर्जन यमुनानगर से समन्वय स्थापित करके रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि शिविर में कुल 84 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। मौके पर जेल उपाधीक्षक विवेक सांगवान व वरुण कुमार, जेल चिकित्सा अधिकारी डॉ. शुभम नय्यर तथा सिविल अस्पताल के चिकित्सक मौजूद रहे।

### 23 जून को सुंदर कांड पाठ व भंडारा

**रादौर।** रादौर के सरकारी स्कूल के नजदीक श्री राधे गोपाल मंदिर में मंगलवार 23 जून को शाम 4 बजे 101 सुंदर कांड एवं कीर्तन व विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें श्रद्धालु बड़ी संख्या में भाग लेंगे। मंदिर के पंडित जितेंद्र द्विवेदी ने बताया कि 23 जून को सुंदर कांड एवं कीर्तन व 24 जून को सुबह 9 बजे हवन यज्ञ व 12 बजे भंडारे का आयोजन होगा। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से अपील की कि सभी अधिक से अधिक संख्या में सुंदर कांड पाठ में पहुंचकर पुण्य के भागी बनें।

### त्रिवेणी गार्डन पैलेस में 24 जून को हवन-यज्ञ

**रादौर।** परशुराम सभा रादौर की ओर से बुधवार 24 जून को दोपहर 12 बजे त्रिवेणी गार्डन पैलेस में वार्षिक विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। सभा के सदस्य कुलदीप शर्मा बबलू ने बताया कि सभा की ओर से हर वर्ष शहर व क्षेत्र के लोगों की सुख शांति के लिए भंडारे का आयोजन करवाया जाता रहा है। भंडारे से पूर्व हवन यज्ञ का आयोजन होगा। जिसके माध्यम से विश्व शांति व सभी के लिए मंगल कामना की जायेगी। उन्होंने सभी से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में भंडारे में पहुंचकर प्रसाद अवश्य ग्रहण करें।

### भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के पदाधिकारियों की हुई पार्टी के जिला कार्यालय में बैठक

# सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएगा अनुसूचित जाति मोर्चा

**आज बिना किसी भेदभाव के पात्र व्यक्ति तक पहुंच रहा सरकार की योजनाओं का लाभ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

भाजपा अनुसूचित मोर्चा के पदाधिकारियों की बैठक का आयोजन पार्टी के जिला कार्यालय यमुना कमल में आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मेयर सुमन बहमनी ने की। बैठक में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को बूथ स्तर तक प्रभावी एवं व्यवस्थित ढंग से संचालित करने, पात्र मतदाताओं के नाम सूची में जोड़ने, त्रुटियों के सुधार तथा आवश्यक संशोधनों को समयबद्ध रूप से पूर्ण कराने, विकास कार्यों और जनकल्याणकारी नीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने पिछले बारह वर्षों में विकास के नए आयाम छुए हैं। सरकार की नीतियां विशेष रूप से गरीब, वंचित और अनुसूचित जाति वर्ग के उत्थान को समर्पित रही हैं।



**यमुनानगर।** भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित अनुसूचित जाति मोर्चा की बैठक की अध्यक्षता करतीं मेयर सुमन बहमनी। *फोटो : हरिभूमि*

उन्होंने कहा कि आज सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ बिना किसी भेदभाव के प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंच रहा है। अब संगठन का यह दायित्व है कि इन नीतियों का लाभ समाज के हर उस व्यक्ति तक पहुंचे जो अभी भी इससे अछूता है। मेयर बहमनी ने बैठक में एसआईआर अभियान की समीक्षा करते हुए कार्यकर्ताओं को अपने अपने क्षेत्रों में मतदाता सूची का गहन सत्यापन करने, नए मतदाताओं का पंजीकरण सुनिश्चित करने तथा त्रुटियों के सुधार में सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने कहा कि मतदाता सूची लोकतंत्र की आधारशिला है और प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम उसमें दर्ज होना आवश्यक है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से घर घर संपर्क कर अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया।

**संगठन को और मजबूत बनाने पर विचार-विमर्श**

बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने सरकार की उपलब्धियों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प लिया। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष धर्म सिंह मट्टू ने बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया है कि मोदी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और योजनाओं को आमजन तक आसानी से पहुंचाने के लिए सब डिवीजन स्तर पर विशेष जागरूकता एवं सहायता शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों के माध्यम से लोगों को सरकारी योजनाओं के फार्म भरने और उनका लाभ उठाने में मोर्चा के कार्यकर्ता सीधे मदद करेंगे। बैठक के दौरान संगठन को धरातल पर और अधिक मजबूत व सक्रिय बनाने पर भी गहन विचार विमर्श किया गया। मौके पर संत शिरोमणि गुरु रविदास विश्व महापीठ के उपाध्यक्ष एवं आयुष विभाग हरियाणा के पूर्व निदेशक डॉ. सतपाल बहमनी ने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत की बदौलत ही नीतियां जनता तक पहुंचती हैं। उन्होंने आगामी कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए सभी पदाधिकारियों को एकजुट होकर काम करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर पूर्व पार्षद शिव राम, राहुल, वीर सिंह, राजपाल व सुनील आदि मौजूद रहें।

### ग्रामीण चौकीदारों ने जिला सचिवालय के समक्ष किया प्रदर्शन

# इतने कम पैसे में नहीं होता गुजारा अब तो मानदेय बढ़ा दो सरकार

**प्रदर्शनकारियों ने मांगों को लेकर उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन, कहा- पूरी नहीं हुईं तो करेंगे बड़ा आंदोलन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

*वर्ष 2023 में हुई थी ग्रामीण चौकिदारों के मानदेय में वृद्धि, पिछले तीन सालों में मानदेय में नहीं हुआ है एक भी पैसे का इजाफा, बढ़ती महंगाई ने बढ़ा दी परेशानी*

हरियाणा ग्रामीण चौकीदार सभा यमुनानगर के सदस्यों ने मंगलवार को अपनी मांगों को लेकर जिला सचिवालय के समक्ष प्रदर्शन किया। इस दौरान सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। साथ ही प्रदर्शनकारियों ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द अपनी मांगें पूरी करने की गुहार लगाई। मांगे पूरी नहीं होने की स्थिति में प्रदर्शनकारियों ने बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

हरियाणा ग्रामीण चौकीदार सभा यमुनानगर के सैकड़ों सदस्य मंगलवार को जिला सचिवालय के समक्ष पहुंचे और प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान प्रदर्शनकारी जिला सचिवालय पहुंचे और उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। मौके पर यूनियन नेता सुरेंद्र कुमार व रामकरण ने बताया कि वर्ष 2023 में कर्मचारियों के मानदेय में बढ़ोतरी हुई थी। पिछले तीन वर्षों से लगातार महंगाई बढ़ रही है, लेकिन उनका मानदेय ज्यों का त्यों है। अब इस मानदेय में उनका गुजारा नहीं हो पा रहा है। ऐसे में सरकार को चाहिए कि वह ग्रामीण चौकिदारों की परेशानी को समझे और उनके मानदेय में उचित वृद्धि करे। साथ ही उन्होंने जिला प्रशासन से उन्हें कर्मचारी का दर्जा दिए जाने, जब तक दर्जा नहीं दिया जाता तब तक कुशल कारीगर का दर्जा देते हुए मानदेय दिए जाने की मांग की।




**यमुनानगर।** जिला सचिवालय के समक्ष मांगो को लेकर प्रदर्शन करते हुए ग्रामीण चौकीदार। **फोटो : हरिभूमि**

**कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने की भी उठाई मांग**

प्रदर्शनकारियों ने हाईकोर्ट के दिशा निर्देशानुसार कच्चे कर्मचारियों को पक्का किए जाने, चौकीदारों के कार्य की समय सीमा निर्धारित किए जाने आदि मांगे पूरी किए जाने की भी मांग उठाई। यूनियन नेता सुरेंद्र कुमार व रामकरण ने बताया कि ग्रामीण चौकीदारों को 24 घंटे तैनात रहना पड़ता है। ऐसे में सरकार का फर्ज बनता है कि चौकीदारों को उचित मानदेय दें। उन्हें जो मानदेय मिल रहा है वह काफी कम है। वृद्धि होनी चाहिए ताकि वह अपना और अपने परिवार का गुजारा चला सकें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण चौकीदार की सेवानिवृति पर उसे दस लाख रुपए दिए जाने, साइकिल भता 3500 से बढ़ाकर दस हजार रुपये किए जाने, खाली पदों पर चौकीदारों की भर्ती किए जाने और एक हजार की संख्या के अनुसार चौकीदारों के नए पद सृजित किए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि उनकी मांगे जल्द पूरी नहीं की गई तो वह आंदोलन करने पर मजबूर होंगे।

## न्यूज डायरी



### बीएलओ हर मतदाता के घर पहुंचेंगे : आहूजा

**यमुनानगर।** हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा लघु सचिवालय में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर आरडब्ल्यू के प्रतिनिधियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने की। अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने बैठक में आरडब्ल्यू के प्रतिनिधियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी करने की विस्तार से जानकारी दीष उन्होंने बताया कि मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के कार्यक्रम के अन्तर्गत बीएलओज द्वारा 14 जुलाई तक घर घर जाकर सर्वे अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य मतदाता सूचियों से अपात्र व्यक्तियों के नाम हटाना तथा पात्र व्यक्तियों के नाम मतदाता सूचियों में शामिल करवाए जाना है। ताकि मतदाता सूचियों को त्रुटि मुक्त किया जा सके। इस दौरान जिला के प्रत्येक मतदान केंद्र पर नियुक्त बीएलओ अपने मतदान केन्द्र की मतदाता सूची में वर्णित प्रत्येक मतदाता के घर जाकर गणना फार्म वितरित करेगा तथा फार्म भरने में मतदाता की सहायता करेगा। उन्होंने बताया कि मतदाता गणना फार्म आयोग की वैबसाईट से भी डाउनलोड कर सकते हैं। अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने बताया कि फार्म भरने के बाद बीएलओ गणना फार्म की एक प्रति मतदाता से प्राप्त करेगा और मतदाता द्वारा अपने पास रखी गई दूसरी प्रति पर प्राप्ति की पावती पर अपने हस्ताक्षर करेगा। वापस प्राप्त होने वाले गणना फार्म के आधार पर निर्वाचक पंजीयन अधिकारियों द्वारा ड्राफ्ट मतदाता सूची तैयार की जाएगी। उन्होंने बताया कि मतदाता सूचियों का प्रारम्भिक प्रकाशन 21 जुलाई को किया जायेगा। इसके अलावा ड्राफ्ट मतदाता सूचियों पर दावे तथा आपत्तियां 21 जुलाई से 20 अगस्त तक प्राप्त की जाएंगी। वहीं, मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन 22 सितंबर को किया जाएगा।



### चेन स्नेचिंग को अंजाम देने वाला आरोपी काबू

**रादौर।** गांव अमलौहा में हुई चेन स्नेचिंग की घटना के 24 घंटे के अंदर पुलिस की टीम ने आरोपी बाइक सवार को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। एएसआई मनीष कुमार व एएसआई विजय कुमार ने बताया कि फेरी वाले की शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। पुलिस टीम ने विभिन्न पहलुओं पर जांच करते हुए आरोपी की पहचान की और उसे 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की जा रही है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है और यदि आरोपी की अन्य वारदातों में संलिप्तता सामने आती है तो उसके खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### बाइक सवारों ने व्यक्ति के गले से झपटी सोने की चेन

**यमुनानगर।** अंबाला सहारनपुर बाईपास हाईवे पर करेड़ा फ्लाईओवर के पास बाइक सवार दो युवकों ने एक व्यक्ति के गले से सोने की चेन झपट ली। घटना के बाद आरोपी युवक मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार पंचकूला के सेक्टर 24 निवासी रितेश खोखर ने सदर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 14 जून को दोपहर साढ़े 12 बजे अंबाला सहारनपुर हाईवे से जा रहा था। जब वह करेड़ा फ्लाईओवर के पास पहुंचा तो वह किसी काम से वहां पर रुक गया। इस दौरान बाइक पर सवार होकर दो युवक आए। जब तक वह कुछ समझ पाता आरोपियों ने उसके गले में डली सोने की चेन झपट ली और मौके से फरार हो गए। उसने आरोपियों का पीछा कर उन्हें पकड़ने का प्रयास किया मगर आरोपी भागने में कामयाब हो गए। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।



### नशा मुक्ति के लिए किया जा रहा है जागरुक

**यमुनानगर।** जिला पुलिस प्रशासन द्वारा जिले में चलाए जा रहे नशा मुक्ति मुहिम(सही राह) के तहत शहर के हमीदा क्षेत्र में नशा पीड़ति व्यक्तियों के लिए उपचार एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नशा से पीड़ति 36 मरीजों की काउंसिलिंग की गई। शिविर की अध्यक्षता सही राह सामाजिक नशामुक्ति मुहिम के जिला संयोजक अधिवक्ता सुशील आर्य ने की। जिला संयोजक अधिवक्ता सुशील आर्य ने बताया कि पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल के मार्गदर्शन में सही राह की टीम लगातार समाज में जागरूकता फैलाने का कार्य कर रही है। इस अभियान को सफल बनाने में टीम हेड सुरेंद्र मदान, सतीश लोहट, फतेह सिंह गिल, बीर सिंह, जंगशेर सिंह, हासिम का सराहनीय सहयोग मिल रहा है। उन्होंने बताया कि शिविर में जिला नागरिक अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. नवीन शर्मा व उनकी टीम के सदस्यों ने नशा पीड़ति व्यक्तियों के स्वास्थ्य की जांच की। मौके पर नशा से पीड़ति व्यक्तियों को परामर्श और उपचार संबंधी सेवाएं प्रदान की गईं। चिकित्सा विशेषज्ञों ने उपस्थित लोगों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा नशा छोड़ने के लिए उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं और परामर्श सेवाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। शिविर के दौरान कुल 36 नशा पीड़ति मरीजों की काउंसिलिंग की गई। वहीं चार नए व 40 पुराने नशा पीड़ति युवाओं ने नशा छोड़ने का संकल्प लिया। मौके पर चिकित्सकों ने मरीजों को नशे की लत छोड़ने के लिए मानसिक रूप से मजबूत बनने, नियमित उपचार लेने तथा परिवार के सहयोग से पुनर्वास की दिशा में आगे बढ़ने की सलाह दी।



**यमुनानगर।** ग्रैपलिंग प्रतियोगिता में विजेता रहे खिलाड़ियों को सम्मानित करते कमेटी के सदस्य। **फोटो : हरिभूमि**

## राज्य स्तरीय ग्रैपलिंग स्पर्धा में यमुनानगर ओवरऑल चैंपियन

**यमुनानगर।** हाल ही में संपन्न हुई राज्य स्तरीय ग्रैपलिंग प्रतियोगिता में यमुनानगर के होनहार बच्चों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से पूरे प्रदेश में जिले का नाम रोशन किया है। इस प्रतियोगिता में यमुनानगर के खिलाड़ियों ने अपना दबदबा कायम करते हुए 35 पदकों पर कब्जा किया। ग्रैपलिंग कमेटी यमुनानगर के अध्यक्ष एवं वार्ड तीन से पार्षद जयंत स्वामी ने बताया कि खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में 12 स्वर्ण पदक, 13 रजत पदक और 10 कांस्य पदक हासिल कर कीर्तिमान स्थापित किया। कुल 35 पदकों की इस शानदार झड़ी के साथ यमुनानगर ने गर्व के साथ ओवरऑल चैंपियन का प्रतिष्ठित खिताब अपने नाम कर लिया है। विजेता बच्चों के यमुनानगर लौटने पर कमेटी अध्यक्ष के अलावा भाजयुमो जिलाध्यक्ष निश्चल चौधरी, भाजपा जिला मीडिया प्रमुख कपिल मनीष गर्ग ने उनका भव्य स्वागत किया और उनकी इस ऐतिहासिक जीत पर उन्हें सम्मानित किया।

## पर्यावरण स्वच्छ रखने के लिए अधिक से अधिक करें पौधरोपणः कादियान

**सीजेएम एवं प्राधिकरण की सचिव सुमित्रा कादियान ने लगाए पौधे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मानसून सीजन के दौरान चलाए जा रहे वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मंगलवार को शहर के वृद्धाश्रम व जिला औषधालय के प्रांगण में पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुमित्रा कादियान ने पौधारोपण करके किया।

सीजेएम ने पौधारोपण कर पर्यावरण को स्वच्छ बनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि बदलते परिवेश के कारण हमारा पर्यावरण लगातार दूषित होता जा रहा है। यदि समय रहते पर्यावरण के प्रति सचेत नहीं हुए तो इसका खामियाजा हमारी आने वाली पीढ़ियों को उठाना पड़ेगा। आज समय की मांग है कि हमें अपना पर्यावरण स्वच्छ रखने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए। उन्होंने पौधारोपण करते हुए कहा कि हम सभी को अपने जीवन में एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल भी स्वयं करनी चाहिए। यदि हम अधिक से अधिक से अधिक पेड़ लगाएंगे तो हमारा वातावरण भी शुद्ध होगा और हमें शुद्ध ऑक्सीजन मिलेगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम सुमित्रा कादियान ने स्वयं पौधारोपण करने के साथ साथ वृद्धजनों व औषधालय विभाग के कर्मचारियों से भी पौधारोपण करवाया। उन्होंने कहा कि पौधारोपण के लिए मानसून का समय सबसे अधिक उपयुक्त समय समझा जाता है। इसलिए अधिक से अधिक पेड़ पौधे अवश्य लगाएं।



**यमुनानगर।** वृद्धाश्रम में पौधरोपण करते वृद्धजन।

### नशीला पदार्थ सुखाकर चोर उठा ले गए गहने व कैश

**यमुनानगर।** साढ़ौरा के रामदासिया मोहल्ले में घर पर सो रहे परिवार के लोगों को नशीला पदार्थ सूंघाकर घर से तीन तोले सोना, 15 तोले चांदी व 12 हजार रुपए कैश चोरी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार साढ़ौरा के रामदासिया मोहल्ला निवासी धर्मवीर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 14 जून की रात को वह अपनी पत्नी व बच्चों के साथ घर के बरामदे में सोया हुआ था। इस दौरान चोरों ने उनके घर में घुसकर उन्हें नशीला पदार्थ सुंघा दिया। जिससे वह बेहोश हो गए। इसके बाद आरोपी उसके घर से तीन तोले सोने के आभूषण, 15 तोले चांदी के आभूषण तथा अलमारी में रखे 12 हजार रुपए कैश चोरी करके ले गए। सुबह जब उनकी आंख खुली तो उन्हें घर में सामान बिखरा मिला और अलमारी में रखा सामान गायब था। उसने बताया कि घर से चोरी हुए आभूषणों की कीमत करीब 15 लाख 32 हजार रुपये है। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जरूरी सबूत जुटाए। बाद में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### सतर्कता निगरानी एवं संचालन समिति के सदस्यों की जिला सचिवालय में हुई बैठक

# अनुसचित जातियों पर अत्याचार होने पर दी जाती है आर्थिक मदद

**उपायुक्त प्रीति ने की बैठक की अध्यक्षता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला कल्याण विभाग द्वारा सतर्कता निगरानी एवं संचालन समिति की बैठक का आयोजन लघु सचिवालय में किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त प्रीति ने की। इस दौरान बैठक में सतर्कता निगरानी एवं संचालन समिति द्वारा अनुसूचित जाति के लोगों पर गैर अनुसूचित जाति के व्यक्तियों द्वारा अत्याचार करने पर प्राप्त हुए केसों के बारे में समीक्षा की गई। बैठक में जिला कल्याण अधिकारी अनु बंसल ने मामलों के बारे में विस्तार से समिति के सदस्यों को जानकारी दी।



**यमुनानगर।** लघु सचिवालय में आयोजित जिलास्तरीय सतर्कता निगरानी एवं संचालन समिति की बैठक में मामलों की समीक्षा करतीं उपायुक्त प्रीति।

उपायुक्त प्रीति ने बताया कि गैर अनुसूचित जातियों के व्यक्तियों द्वारा अनुसूचित जातियों के व्यक्तियों पर अत्याचार किए जाने पर आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। यह राशि विभिन्न प्रकार के अत्याचारों जैसे चल अचल सम्पत्ति का नुकसान, स्थायी अस्थायी अपंगता, बलात्कार तथा हत्या आदि घटित होने पर प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि विभिन्न प्रकार के अत्याचार होने पर अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 व अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) नियम 1995 के सेक्शन 3 नियम 12 (4) के तहत राहत राशि के लिए मापदंड अनुसार 85 हजार रुपये से 8 लाख 25 हजार रुपये तक की राशि ऐसे केसों में प्रदान की जाती है। जिनकी एफआईआर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति(अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के तहत दर्ज की गई हो। मौके पर जिला कल्याण अधिकारी अनु बंसल ने बताया कि वित्त वर्ष 2026-27 में जिला कल्याण अधिकारी कार्यालय में कुल 33 लाख 8 हजार 750 रुपये का बजट प्राप्त हुआ था। जिसमें से 32 लाख 7 हजार 500 रुपये की राहत राशि 30 पीड़ितों की स्वीकृति के लिए निदेशालय भेजी गई है। उन्होंने बताया कि बजट के कारण 8 केस पेंडिंग है। जिन्हें बजट प्राप्त होते ही राहत राशि वितरित कर दी जाएगी।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल, डीएसपी कवलजीत, रजत गुलिया, आशीष चौधरी व राजीव मिगलानी, जिला न्यायवादी कर्मवीर राठी, तहसील कल्याण अधिकारी जगाधरी अरिसूदन शर्मा, सीडीपीओ किरण व कुसुमलता आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### नागरिकों को नशे के विरुद्ध किया जागरूक

**थानेसर।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक संजय कुमार के दिशानिर्देशों एवं पुलिस उप-महानिरीक्षक राजेंद्र कुमार मीणा के मार्गदर्शन में नशे के विरुद्ध निरंतर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा नशामुक्त हरियाणा अभियान के अंतर्गत यूनिवर्सिटी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कुरुक्षेत्र में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### पीजी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन तिथि बढ़ी

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के निदेशानुसार शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न स्नातकोत्तर एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाई गई है। कोऑर्डिनेटर यूनिवर्सिटी एडमिशन सैल द्वारा जारी नोटिस के अनुसार एम.ए., एम.एससी., एम.कॉम., एमबीए, एलएलबी, एमसीए, एम.फामेर्सी सहित प्रवेश परीक्षा आधारित पीजी प्रोग्राम में दाखिले के इच्छुक अभ्यर्थी अब 18 जून 2026 तक बिना विलम्ब शुल्क के ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

### योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण में ध्यान का कराया अभ्यास

**कुरुक्षेत्र।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 के उपलक्ष्य में महानिदेशक आयुष हरियाणा, जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग, कुरुक्षेत्र एवं जिला योग समन्वयक डॉ. जगीर के मार्गदर्शन में द्रोणाचार्य स्टेडियम कुरुक्षेत्र में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. मंजू शर्मा ने सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद करते हुए 21 जून को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।

### सेवा और सत्संग एक-दूसरे के पूरक : मिश्र

**थानेसर।** भारतीय सनातन वैदिक संस्कृति में सेवा, प्रेम और सत्संग को मानव जीवन के सर्वोच्च आदर्श और मोक्ष प्राप्ति के साधन माना गया है। ये तीनों स्तंभ मिलकर एक परिपूर्ण, आध्यात्मिक और नैतिक जीवन की नींव रखते हैं। यह विचार मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डॉ. श्रीप्रकाश मिश्र ने डेरा संत प्रेम सिंह जी महाराज द्वारा भारतीय सनातन वैदिक संस्कृति में सेवा, प्रेम एवं सत्संग की प्रासंगिकता विषय पर आयोजित व्याख्यान में बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सबद गायन से हुआ।आश्रम परिसर पहुंचने पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डॉ. श्रीप्रकाश मिश्र का सेवादारों द्वारा स्वागत एवं अभिनंदन हुआ। डॉ. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा भारतीय संस्कृति में सेवा और सत्संग दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं।

## पूर्व राज्यमंत्री ने प्रदेश स्तरीय रोजगार मेले का किया उद्घाटन

# 12 वर्षों में प्रदेश के 1.80 युवाओं को योग्यता के आधार पर दी सरकारी नौकरी : सुधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में प्रदेश के 1 लाख 80 हजार युवाओं को योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरी दी है। वर्ष 2014 से प्रदेश में बिना खर्ची बिना पर्ची के रोजगार दिए जाने की मुहिम शुरू की गई है, जिसको मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी लगातार आगे बढ़ा रहे हैं। प्रदेश की इस खूबी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अलग-अलग प्रदेशों में प्रशंसा कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रदेश के मुखिया के पद पर शपथ लेने से पहले लगभग 25 हजार युवाओं को ज्वाइनिंग पत्र जारी किए थे, जबकि पहले की सरकारों में सरकारी नौकरियों के लिए बोलियां लगती थी। खर्ची और पर्ची की जरुरत होती थी। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा मंगलवार को राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित प्रदेश स्तरीय रोजगार मेले में बोले रहे थे। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा का उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, जिप चेयरपर्सन कंवलजीत कौर, जयभगवान शर्मा डीडी ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का विधिवत रूप से शुभारंभ किया। इस रोजगार मेले में 19 देशों और 50 से ज्यादा स्वदेशी कंपनियों ने हिस्सा लिया। इंटरव्यू के बाद मौके पर ही युवाओं को ऑफर लेटर भी दिए गए। मेला में हिस्सा लेने वाली कंपनियों के प्रतिनिधियों से बातचीत भी की। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिला परिषद की चेयरपर्सन कंवलजीत कौर और भाजपा के वरिष्ठ नेता जयभगवान शर्मा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। एआईपीआरओ बलराम शर्मा ने मंच का संचालन किया।

### 19 देशों व 50 स्वदेशी कंपनियों ने लिया इंटरव्यू

प्रदेश स्तरीय रोजगार मेला में 19 देशों और लगभग 50 स्वदेशी कंपनियों ने हिस्सा लेकर युवाओं का इंटरव्यू लिया। इनमें आस्ट्रेलिया, यूएई, जीसीसी, कतर, ओमान, जर्मनी, कनाडा, दुबई, सऊदी अरब, वेतनाम, फ्रांस, थाईलैंड, न्यूजीलैंड, हॉगकॉग, यूएसए सहित 19 देशों की कंपनियां शामिल रही। इसके अलावा गोदरेज, महिंद्रा, पॉली प्लास्टिक इंडस्ट्री, चंद्रपुर वर्कर्स, सरस्वती शुगर मिल, सनसैन पेपर मिल, बेरी उद्योग प्राइवेट लिमिटेड, कागज करेशन, जीएस कास्टिंग, आरआई इलेक्ट्रॉनिक, कमल एनकॉन इंडस्ट्री, रजनी अगरोल, माडर्न इंडस्ट्री, पैरामाउंड इंडस्ट्री, ऑरिएंट इंजीनिरिंग वर्कर्स, जमना आटो इंडस्ट्री, एनएसटीयू इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, लगभग 50 कंपनियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर जिला रोजगार अधिकारी सीमा सैनी, आईटीआई प्रिंसिपल जगमोहन, यमुनानगर जिला रोजगार अधिकारी अरुण कुमार, एईओ एसबी त्यागी व अमित त्यागी, संतोष गर्ग सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश लगातार उन्नति के पथ पर अग्रसर



कुरुक्षेत्र। प्रदर्शनी का अवलोकन करते पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा।

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार उन्नति के पथ पर अग्रसर है। केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा आमजन के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चलाई गई। इन योजनाओं का पारदर्शिता के साथ सीधा लाभ पात्र व्यक्तियों को मिल रहा है। हरियाणा प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी केंद्र की नीतियों को आगे बढ़ाते हुए नागरिकों को लाभ पहुंचा रहे हैं। प्रदेश के लोगों को अंत्योदय की नीति से आगे बढ़ाया जा रहा है। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा मंगलवार को लघु सचिवालय में केंद्र सरकार के 12 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित जनकल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग हरियाणा द्वारा लगाई प्रदर्शनी में बोल रहे थे। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने रिबन काटकर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। आमजन को इस प्रदर्शनी के माध्यम से केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों व योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा का प्रदर्शनी में पंहुचने पर एआईपीआरओ केदार शर्मा व एआईपीआरओ बलराम शर्मा ने पुष्प गुच्छ के साथ स्वागत एवं अभिनंदन किया।

## व्हीलचेयर से पैरों पर लौटा सतपाल, पंचकर्म ने बदली जिंदगी



कुरुक्षेत्र। जानकारी देते चिकित्सा अधीक्षक प्रो. डॉ. राजा सिंगला।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

असहनीय दर्द और शारीरिक अक्षमता के कारण जिंदगी नर्क जैसी हो गई थी। हालात ऐसे थे कि चलना-फिरना तो दूर, चप्पल तक पहनना मुश्किल हो गया था। बेटा और पत्नी व्हीलचेयर पर बैठाकर उन्हें एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाते थे। अपनी ऐसी बेबसी और दूसरों पर निर्भरता को देखकर आंखों से आंसू नहीं रुकते थे। ऐसे कठिन समय में अंतिम उम्मीद लेकर वह श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के आयुर्वेदिक अस्पताल में पंचकर्म विभाग के प्रोफेसर डॉ. राजा सिंगला के पास उपचार के लिए पहुंचे। आज उन्हें स्वयं विश्वास नहीं हो रहा कि जो व्यक्ति कभी व्हीलचेयर पर निर्भर था, वह अब सामान्य जीवन की ओर लौट चुका है। यह आपबीती अंबाला जिले के गांव खोजकीपुर निवासी 62 वर्षीय सतपाल की है। सतपाल ने बताया कि करीब डेढ़ वर्ष पहले उन्हें कमर में दर्द की शिकायत शुरू हुई थी। दर्द दाईं टांग तक पहुंच गया और स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि उनका चलना-फिरना बंद हो गया था।

### मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं दी जा रही: सिंगला

चिकित्सा अधीक्षक प्रो. डॉ. राजा सिंगला ने बताया कि श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के आयुर्वेदिक अस्पताल में कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान एवं कुलसचिव डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता के मार्गदर्शन में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं दी जा रही हैं। अस्पताल में ऑटोइम्यून विकारों, मस्कुलोस्केलेटल, न्यूरोमस्कुलर, अस्थि एवं जोड़ रोगों सहित विभिन्न जटिल बीमारियों का आयुर्वेदिक पद्धति से उपचार किया जा रहा है। उनकी सोमवार और वीरवार को कमरा नंबर-29 में ओपीडी होती है।

## केयू में कैफेटेरिया व रोज गार्डन बनेगा आकर्षण का केन्द्र

- कुवि कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने किया शिला पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने मंगलवार को विश्वविद्यालय परिसर में भगवान गणेश व भगवान विश्वकर्मा की अराधना करने के उपरांत कैफेटेरिया एवं रोज गार्डन के निर्माण कार्य का विधिवत शिलापूजन किया। इस अवसर पर कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि कैफेटेरिया एवं रोज गार्डन का निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद यह हर किसी के आकर्षण का केंद्र बनेगा। इस परियोजना से विश्वविद्यालय परिसर की सौंदर्यात्मक एवं पर्यावरण में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि कैफेटेरिया एवं रोज गार्डन का यह निर्माण कार्य विश्वविद्यालय के आधुनिकीकरण, हरित परिसर की अवधारणा तथा छात्र-केंद्रित सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा।

### स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का होता निर्माण

*उन्होंने कहा कि इस परियोजना के लिए कुल 5 लाख अमेरिकी डॉलर में से 2 लाख अमेरिकी डॉलर की अनुदान राशि प्राप्त हो चुकी है। पहले चरण में कैफेटेरिया के 11 हजार सक्वेयर फिट क्षेत्र के दो मंजिला बिल्डिंग को पूर्ण किया जाएगा। वहीं दूसरे चरण रोज गार्डन को आकर्षक एवं सुंदर बनाने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्व छात्रों के अथक सहयोग एवं प्रयास से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की प्रगति को एक नई दिशा मिली है। इस मौके पर कुवि कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल ने इस परियोजना के शिला पूजन के लिए सभी को बधाई दी। केयू एलुमनी एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रो. अनिल मित्तल ने बताया कि इस परियोजना के लिए कुल अनुदान राशि 5 लाख अमेरिकी डॉलर में से 2 लाख अमेरिकी डॉलर की राशि मिल चुकी है।*

## मांगों को लेकर मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन का धरना

*कहा - मांगें पूरी न होने से आंदोलन को मजबूर हैं कर्मचारी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



राज्य कार्यकारिणी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन मुख्यालय चरखी दादरी सम्बन्धित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर कार्यकारी अभियंता कुरुक्षेत्र के कार्यालय पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन अनिल कुमार जिला प्रधान की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। संचालन जिला सचिव छत्रपाल ने किया। प्रदर्शन में राज्य कमेटी से कदम शर्मा राज्य सचिव उपस्थित रहे। धरने को संदीप सांगवान राज्य डिप्टी जरनल सैक्रेटरी सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा व ओमप्रकाश जिला प्रधान रिटायर कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र ने बताया कि विभाग व सरकार मानी गई मांगों को भी लागू नहीं कर रही है जिस वजह से कर्मचारियों द्वारा बार-बार आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ रहा है। पब्लिक हेल्थ विभाग कि बात हो, नगर पालिका की बात हो, रोडवेज व बिजली विभाग के कर्मचारी भी बार बार आंदोलन में उत्तर रहे हैं लेकिन सरकार हठधर्मिता पर उतारू है। अपनी कही बातों पर भी पूरा नहीं उतर रही। प्रदर्शन में रोशन फौजी, सुरेंद्र यादव, बलविंदर शर्मा, बलवान मोर, बिट्टू रंगा, महेंद्र लाडवा, हेमराज बाबैन, अनील कुमार सीटू, महेंद्रपाल, अशोक कुमार, मनजीत भुल्लर, रामेश्वर आजाद, जितेंद्र बंसल, सुरेश गुड्डा, फकीर चन्द, संदीप नरवाल, रामनाथ भाटि जिला प्रधान सर्व कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र, विकास बेदी ब्रांच सचिव थानेसर, अग्रेंज सिंह, ओमप्रकाश बाबैन आदि ने भी अपनी बात रखी।



### जिंदल हाऊस में दिव्यांगजनों का पंजीकरण शिविर आज, पात्र लोगों का किया जाएगा चयन

**कुरुक्षेत्र।** सांसद नवीन जिन्दल के प्रयासों से नवीन जिन्दल फाउंडेशन और एलिम्को के सहयोग से दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए सहायक उपकरणों के पंजीकरण एवं मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 17 जून 2026 बुधवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक जिन्दल हाउस, मोहन नगर, कुरुक्षेत्र में लगाया जाएगा। जिन्दल हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में उपरोक्त जानकारी देते हुए संसदीय कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह पूर्व आईएएस ने बताया कि इस शिविर में दिव्यांगजन और वरिष्ठ नागरिक अपनी जरूरत के अनुसार सहायक उपकरणों के लिए पंजीकरण करवा सकेंगे। विशेषज्ञों की टीम लाभार्थियों का मूल्यांकन करेगी और पात्र लोगों का चयन किया जाएगा। इसके बाद उन्हें सभी प्रकार के आवश्यक सहायक उपकरण एक कार्यक्रम में दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पंजीकरण के दौरान व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र (हियरिंग एड), कृत्रिम अंग, बैटरी चालित ट्राइसाइकिल, बुजुर्गों के लिए कमर पर बांधने वाली बैल्ट और छड़ी सहित अन्य सहायक उपकरणों की आवश्यकता का आकलन किया जाएगा। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कैथल कार्यालय प्रभारी रविन्द्र धीमान ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल हमेशा समाज के जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए कार्य करते रहे हैं। उन्होंने बताया कि दिव्यांगजन अपने साथ आधार कार्ड, फैमिली आईडी और दिव्यांग प्रमाण पत्र लेकर आएं।

## सरकार के 12 वर्ष जन कल्याण को समर्पित : शर्मा

**पिहोवा बीडीपीओ कार्यालय में जन संवाद कार्यक्रम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पिहोवा बीडीपीओ कार्यालय में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा वरिष्ठ नेता जय भगवान डीडी शर्मा ने किया। इस दौरान सरकार द्वारा 12 साल में शुरू की गई जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा नेता जयभगवान शर्मा डीडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में देश ने विकास सुशासन सुरक्षा जनकल्याण के क्षेत्र में भूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। सरकार ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से कार्य किया है। आज गरीब, किसान, महिला, युवाओं, मजदूर, व्यापारी वर्ग के लिए अनेकों जन कल्याणकारी योजनाएं प्रभावी रूप से लागू की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केवल वर्तमान की आवश्यकताओं को ही नहीं बल्कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का स्पष्ट रोड मैप भी तैयार किया है। नकी दूरदर्शी सोच के कारण भारत वैश्विक स्तर पर नई पहचान बना रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए की पात्र लाभार्थी तक योजना का लाभ प्राथमिकता के आधार पर पहुंचना सुनिश्चित करें तथा आमजन को योजनाओं की विस्तृत जानकारी उपलब्ध करवाई जाए। प्रत्येक पात्र व्यक्ति इन योजनाओं का लाभ उठा सके।

## एग्रो डिस्कॉम के विरोध में एएचपीसी वर्कर यूनियन का प्रदर्शन, प्रतियां जलाईं



**पिहोवा।** हरियाणा पावर कॉपोरेंशन वर्कर यूनियन की केंद्रीय कमेटी के आह्वान पर आज एएचपीसी वर्कर यूनियन पिहोवा यूनिट के साथियों ने एग्री डिस्कॉम बिजली कंपनी लागू करने के विरोध में उपमंडल अधिकारी (ऑपरेशन) सब अर्बन नंबर-1, मुर्तजापुर स्थित बिजली कार्यालय के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया। जिसकी अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान मुकेश गोस्वामी ने किया और संचालन सब यूनिट सचिव सुरेंद्र ने किया। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने सरकार द्वारा एग्री डिस्कॉम लागू करने के फैसले का विरोध करते हुए नारेबाजी की तथा एग्री डिस्कॉम संबंधी नोटिफिकेशन की प्रतियां जलाकर अपना रोष प्रकट किया। यूनिट सचिव गुरचरण संधु ने कहा कि एग्री डिस्कॉम लागू करने से बिजली निगमों के निजीकरण का रास्ता खुलेगा तथा कर्मचारियों और उपभोक्ताओं दोनों के हित प्रभावित होंगे। उन्होंने सरकार से इस निर्णय को तुरंत वापस लेने की मांग की। नेताओं ने कहा कि बिजली कर्मचारियों का आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक एग्री डिस्कॉम संबंधी निर्णय वापस नहीं लिया जाता। प्रदर्शन में यूनिट के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और एकजुट होकर सरकार को चेतावनी दी कि कर्मचारियों के हितों के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर केंद्र और राज्य सरकार मिलकर कर रही कार्य : कलसाना

**शाहबाद के विश्रामगृह में तीन दिवसीय जन कल्याण शिविर शुरू**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद



हरियाणा राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन सुभाष कलसाना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास, सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर कार्य कर रही हैं तथा आने वाले वर्षों में भारत विश्व के अग्रणी देशों में अपनी मजबूत पहचान स्थापित करेगा। चेयरमैन सुभाष कलसाना मंगलवार को रेस्ट हाउस में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सरकारी नीतियों व जनकल्याणकारी योजनाओं पर जन कल्याण शिविर में बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि यह शिविर शाहाबाद के विश्रामगृह में तीन दिनों 16 जून से 18 जून तक रहेगा और जनता को ऐसे शिविरों का लाभ उठाना चाहिये। चेयरमैन सुभाष कलसाना ने प्रशासन के डीएफएससी, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, वन विभाग, बागवनी विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, वीटा, कृषि एवं कल्याण विभाग, बिजली विभाग, आयुष, जिला समाज कल्याण विभाग और क्रिड की योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत अभियान और डिजिटल इंडिया जैसी योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का काम किया है।

## श्रीमद्भागवदगीता विद्यालय में आचार्य विकास वर्ग का समापन

# शिक्षा में अध्यात्म को जोड़ना जरूरी : देशराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। पत्रिका का विमोचन करते अतिथिगण।

श्रीमद्भागवदगीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र में आचार्य विकास वर्ग के समापन अवसर पर एनआईटी कुरुक्षेत्र के निदेशक प्रोफेसर ब्रह्मजीत सिंह अध्यक्ष रहे। शिक्षा बोर्ड भिवानी के अध्यक्ष शंकर लाल धूपड़ मुख्य अतिथि रहे। देशराज शर्मा महामंत्री, अखिल भारतीय विद्या भारती शिक्षा संस्थान मुख्य वक्ता रहे। विजय अड्डा संगठन मंत्री उत्तर क्षेत्र व डॉक्टर ऋषि राज वशिष्ठ अध्यक्ष हिंदू शिक्षा समिति हरियाणा विद्यालय के अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंगला ने कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। शंकर लाल धूपड़ ने कहा विद्यार्थी आचार्य के आचरण से सीखता है। आचार्य का मुख्य लक्ष्य बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है। कहा कि बच्चों को उपवास के बारे में बताएं, मोबाइल का उपवास करवाए। पाश्चात्य संस्कृति से बच्चों को दूर रखें, विद्या भारती समाज को भारतीय संस्कृति से परिचित करवा रही है नई शिक्षा नीति का प्रयोग कर रही है। देशराज शर्मा ने कहा विद्या भारती का परिवार 2 करोड लोगों से ज्यादा का है 40 लाख पूर्व छात्र विद्या भारती से जुड़े हैं। उन्होंने कहा शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जिससे छात्रा का हर क्षेत्र में निर्माण हो, आचार्य का दायित्व है कि चाहे राजनीतिक क्षेत्र हो, विज्ञान का क्षेत्र हो, पर्यावरण का क्षेत्र हो या कोई भी क्षेत्र हो उन सभी में अपना दायित्व अच्छे से निर्वहन करें। शिक्षा मानव जीवन पर्यंत सीखता रहता है। शिक्षा में अध्यात्म को जोडे, शिक्षा में समानता होना जरूरी है।

### स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का होता निर्माण

*चेतराम शर्मा, उपाध्यक्ष हिंदू शिक्षा समिति हरियाणा ने बताया कि 15 दिन से चल रहे आचार्य विकास वर्ग का उद्देश्य ऐसे आचार्य का निर्माण करना है। जो बच्चों का सर्वांगीण विकास कर सके। उन्होंने कहा स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का निर्माण होता है, अगर हमारा आचार्य स्वस्थ है तो वह बच्चों का भी अच्छे से विकास कर सकता है। इस अवसर पर श्रीमद् भागवत गीता विद्यालय के प्रबंधक वीरेंद्र वालिया, कोषाध्यक्ष रमेश गुलाटी, सदस्य जंगबहादुर सिंगला व प्रबंध समिति के अन्य सदस्य, पूर्व छात्र,विभिन्न विद्यालयों की प्रबंध समिति, विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य व अभिभावक व आचार्य उपस्थित रहे।*

## खबर संक्षेप

### ऑटो सवार महिला के पर्स से गहने व नकदी चोरी

**अंबाला।** ऑटो में सफर कर रही एक महिला के साथ बैठी दो महिलाओं और उनके साथ मौजूद एक बच्ची ने पर्स चोरी कर लिया। पर्स में दो सोने की अंगूठियां, चांदी की पायल, नकदी और जरूरी दस्तावेज थे। चंदपुरी कॉलोनी की रजनी सैनी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 13 जून को वह अपने बच्चों के साथ कैंट से अंबाला शहर आने के लिए एक ऑटो में सवार हुई थीं। ऑटो में उनके अलावा दो महिलाएं और करीब 10 वर्षीय एक बच्ची भी बैठी थी। रास्ते में जंडली पुल के पास रजनी ने किराए के लिए अपने बैग से पर्स निकालकर 100 रुपये दिए थे। उस समय तक पर्स बैग में ही मौजूद था। ग्लैक्सी मॉल के पास पहुंचते ही दोनों महिलाएं बच्ची को साथ लेकर ऑटो से उतर गईं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### ओमला में खुदाई रुकी, नदी के हिस्से पर किसान का दावा

**अंबाला।** करधान-ब्राह्मण माजरा गांव के बीच से गुजरने वाली ओमला नदी का काम शुरू होने के पहले ही दिन एक घंटे तक काम प्रभावित रहा। एक किसान ने ओमला नदी के कुछ हिस्से को अपना बताकर खुदाई कर रहे पॉकलेन संचालक का विरोध किया। कहा कि वह खेती करने वाली जमीन का मालिक है। सूचना पाकर अंबाला कैंट नगर परिषद अध्यक्ष के प्रतिनिधि परमजीत सिंह मौके पर पहुंचे। जिन्होंने किसान को अपनी जमीन के स्वामित्व संबंधी दस्तावेज लाने को कहा। हालांकि बाद में खुदाई शुरू हो गई थी। शाम तक किसान जमीन से जुड़े कोई दस्तावेज नहीं दिखा पाया। बता दें कि मानसून को देखते हुए लंबे समय के बाद नहरी विभाग व नगर परिषद की ओर से ओमला नदी में सफाई व खुदाई का काम शुरू किया गया है। हालांकि मौके पर डायल 112 भी पहुंची थी लेकिन चंद ही मिनटों में वापस लौट गई।

### धमकी देने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मारपीट कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी देने के मामले में आरोपी सचिन को काबू किया है। जांच अधिकारी ने बताया कि पीड़ित महिला ने 14 जून 2026 को शिकायत दी थी कि 13 जून 2026 को गोबिंद डायरी कालाअंब स्थित घर में घुस कर सचिन व अन्य ने मारपीट कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। पकड़े गए आरोपी की पहचान सचिन निवासी गांव गलौडी जिला यमुनानगर के रूप में हुई है।

### योग दिवस के उपलक्ष में एसडीएम ने ली मीटिंग

**नारायणगढ़।** 21 जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन को लेकर एसडीएम शिवजीत भारती ने मंगलवार को उपमण्डल के विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में योग दिवस की तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा सौंपे गए दायित्वों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि स्वस्थ एवं निरोगी जीवनशैली अपनाने का एक जन आंदोलन है।

## सफाई व्यवस्था को लेकर नगर निगम में हुई मीटिंग, व्यवस्था पर नाराजगी

# रिहायशी कॉलोनियों से गंदगी हटाने पर कसरत, हर वार्ड में बनेगी निगरानी कमेटी

कमिश्नर बोले, बन चुका है सफाई को लेकर प्लान, जल्द नजर आएगा असर, सदस्यों को हर वार्ड के कर्मचारियों की सूची सौंपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


अंबाला। महावीर पार्क का मुआयना करती मेयर व अन्य। फोटो : हरिभूमि

अंबाला शहर की सफाई व्यवस्था मजबूत करने को लेकर कार्रवाई शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पूर्व मंत्री असीम गोयल के निर्देशानुसार अंबाला शहर नगर निगम में सफाई व्यवस्था को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसमें मेयर अक्षिता सैनी, निगम कमिश्नर, पूर्व मंत्री असीम गोयल के प्रतिनिधि रितेश गोयल सहित विभिन्न वार्डों के सदस्य मौजूद रहे। इस दौरान निगम सदस्यों ने अपने-अपने वार्डों में सफाई व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं और आमजन को आ रही परेशानियों से अधिकारियों को अवगत करवाया। समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए तुरंत प्रभाव से निगम के चीफ सेनेटरी इंस्पेक्टर, सेनेटरी इंस्पेक्टर और सफाई कर्मचारियों को तलब किया गया। इस दौरान वार्ड स्तर पर तैनात सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति, ड्यूटी व्यवस्था और कार्यप्रणाली की समीक्षा की गई। मेयर अक्षिता सैनी और निगम कमिश्नर ने अधिकारियों व कर्मचारियों को सफाई व्यवस्था में लापरवाही न बरतने और शहर को स्वच्छ रखने के लिए प्रभावी कदम उठाने के सख्त निर्देश दिए। निगम कमिश्नर और रितेश गोयल ने कहा कि आने वाले दिनों में अंबाला शहर की सफाई व्यवस्था में बड़े स्तर पर सुधार देखने को मिलेगा। उन्होंने बताया कि सदस्यों को उनके वार्डों में तैनात सफाई कर्मचारियों की सूची उपलब्ध करवा दी गई है ताकि सफाई कार्यों की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जा सके।उन्होंने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य शहरवासियों को बेहतर सफाई व्यवस्था उपलब्ध करवाना है। इसके लिए वार्ड स्तर पर लगातार मॉनिटरिंग की जाएगी। इस दौरान निगम सदस्य वरिंद्र नाथ,राजेश मेहता,मोनिका कल, शोभा पुनिया,हितेश जैन, भाजपा नेता आशु सैनी,अमन सूद, सुंदर ढींगरा, अभिषेक सहोता व अन्य मौजूद रहे।

### सफाई पर करोड़ों खर्च फिर भी दिक्कत

अंबाला शहर की सफाई पर नगर निगम की ओर हर साल करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं। रिहायशी व व्यवसायिक कॉलोनियों की सफाई के साथ साथ घरों से भी कूड़ा उठवाया जा रहा है। इसके बावजूद लोग गंदगी की वजह से बेहद परेशान हैं। ज्यादातर कॉलोनियों में नियमित सफाई न होने से लोगों को खुद ही अपने पैसों से सफाई करवानी पड़ती है। खासकर कई सार्वजनिक स्थलों पर तो नियमित तौर पर गंदगी के ढेर देखे जाते हैं। नगर निगम चुनाव के दौरान भी ज्यादातर उम्मीदवारों ने सफाई को लेकर ही मुख्य मुद्दा बनाया था। अब देखना होगा कि जीत के बाद निगम सदस्य सफाई पर किसी संजीदगी दिखाते हैं।

### फिर महावीर पार्क का किया दौरा

बैठक के उपरांत मेयर, निगम कमिश्नर, रितेश गोयल और सदस्यों ने शहर के महावीर पार्क का दौरा किया। मौके पर पार्क की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए तुरंत सफाई कार्य करवाने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही पार्क के सौंदर्यीकरण और सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। लंबे समय से महावीर पार्क में निर्माण कार्य चल रहा है। मगर अभी तक पार्क में कई निर्माण अधूरे पड़े हैं। कभी खूबसूरती को लेकर महावीर पार्क की चर्चा पूरे जिले में होती थी। मगर समय बीतने के साथ ही पार्क भी अपनी खूबसूरती खो गया। हालांकि निगम की ओर से नए सिरे से पार्क को खूबसूरत व व्यवस्थित करने का प्रयास किया जा रहा है। ताकि इस पार्क में फिर से लोगों की रौनक लौट सके।

## सीपीएल से पंचकूला बनेगा क्रिकेटिंग हब: मेयर बंसल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पंचकूला

हरियाणा विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता और पंचकूला के मेयर श्याम लाल बंसल ने ताऊ देवी लाल स्टेडियम में चल रही ओमैक्स चंडीगढ़ प्रीमियर लीग (सीपीएल) 2026 का अवलोकन किया और इसे क्षेत्र में क्रिकेट को नई दिशा देने वाला अनूठा आयोजन बताया। दोनों गणमान्य अतिथियों ने लीग के उच्च स्तरीय प्रबंधन, विश्वस्तरीय सुविधाओं और पेशेवर आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि यह टूर्नामेंट पंचकूला को एक प्रमुख क्रिकेटिंग हब के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

इस अवसर पर जीना सीखो के संस्थापक एवं हिम्स हॉक्स टीम के मालिक आचार्य मनीष भी मौजूद रहे। अतिथियों का स्वागत यूटी क्रिकेट एसोसिएशन (यूटीसीए) के संस्थापक अध्यक्ष एवं बीसीसीआई सदस्य संजय टंडन ने किया। ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि क्रिकेट के साथ-साथ दर्शकों और खिलाड़ियों के लिए जिस स्तर की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, वह किसी बड़े राष्ट्रीय आयोजन से कम नहीं हैं। उन्होंने कहा कि पंचकूला में इस प्रकार के भव्य आयोजन खेल संस्कृति को मजबूत करने के साथ-साथ युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करेंगे। मेयर श्याम लाल बंसल ने कहा कि चंडीगढ़ प्रीमियर लीग केवल एक क्रिकेट प्रतियोगिता नहीं, बल्कि पूरे ट्राइसिटी क्षेत्र के लिए एक खेल उत्सव बन चुकी है। सीपीएल के आयोजन से पंचकूला क्रिकेटिंग हब बनने की और अग्रसर हो रहा है।उन्होंने स्टेडियम में उपलब्ध आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, डिजिटल व्यवस्थाओं, दर्शकों की सहभागिता और आयोजन की बेहतरीन प्लानिंग की प्रशंसा की। मैच के बाद आयोजित पोस्ट-मैच प्रेजेंटेशन समारोह में ज्ञानचंद गुप्ता, श्याम लाल बंसल और आचार्य मनीष ने विजेता टीम तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इसस अवसर पर संजय टंडन सहित, यूटीसी के अध्यक्ष सारांश टंडन, शिवालिक विकास बोर्ड के अध्यक्ष ओम प्रकाश देवीसागर सहित अन्य गणमान्य भी मौजूद रहे।

## पीएम स्वनिधि के 6 वर्ष पूरे, बांटे ऋण स्वीकृति पत्र

- नगरपालिका प्रधान ने लाभार्थियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा


बराडा। ऋण पत्र वितरित करते हुए नपा चेयरमैन रजत मलिक। फोटो : हरिभूमि

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री स्वनिधि (पीएम स्वनिधि) योजना के सफल छह वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नगरपालिका द्वारा आयोजित लोक कल्याण मेले में लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। नगरपालिका प्रधान रजत मलिक ने मेले में पहुंचे पात्र पथ विक्रेताओं को स्वीकृति पत्र सौंपे तथा नए रेहड़ी-फड़ी संचालकों का पंजीकरण भी कराया। कार्यक्रम के दौरान स्वीकृति पत्र प्राप्त करने वाले लाभार्थियों ने सरकार और नगरपालिका का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रधान रजत मलिक ने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना छोटे दुकानदारों, रेहड़ी-पटरी और ठेला संचालकों के लिए वरदान साबित हो रही है। योजना के माध्यम से जरूरतमंद पथ विक्रेताओं को बिना किसी जटिल प्रक्रिया के आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है, ताकि छोटे दुकानदार आधुनिक तकनीक का लाभ उठा सकें। मेले में एफएसएसएआई के सहयोग से स्ट्रीट फूड विक्रेताओं के लिए खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। प्रशिक्षण के माध्यम से विक्रेताओं को साफ-सफाई के मानकों और सुरक्षित खाद्य पदार्थों की बिक्री के बारे में जागरूक किया जा रहा है। मलिक ने सभी स्थानीय पथ विक्रेताओं से आह्वान किया कि वे 30 जून तक आयोजित इस मेले में पहुंचकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

### 30 तक चलेगा मेला

1 जून से 30 जून 2026 तक चल रहे लोक कल्याण मेले में पथ विक्रेताओं को विभिन्न सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को 15 हजार, 25 हजार और 50 हजार रुपये तक के ऋण उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।

## पानी के अवैध कनेक्शनों पर विभागीय कार्रवाई, 32 काटे, सप्लाई प्रभावित

- जन स्वास्थ्य विभाग ने गांव नसडोली में की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर


शहजादपुर। पानी के अवैध कनेक्शन काटते विभागीय कर्मी। फोटो : हरिभूमि

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा गांव नसडोली में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने हेतु पानी के अवैध कनेक्शनों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान 32 अवैध पानी के कनेक्शन काटे गए। एसडीओ अंकुश सहगल ने बताया कि गांव के कुछ घरों में पेयजल आपूर्ति देर से पहुंचने की शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। जांच के दौरान पाया गया कि कुछ स्थानों पर लगाए गए अवैध कनेक्शनों के कारण पानी की आपूर्ति प्रभावित हो रही थी, जिससे अन्य उपभोक्ताओं को समय पर पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा था।

कार्यकारी अभियंता अनिल चौहान ने कहा कि पानी प्रकृति द्वारा दिया गया अनमोल संसाधन है और इसकी प्रत्येक बूंद का संरक्षण करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति पेयजल लाइन पर अवैध कनेक्शन न लगाए। एसडीओ अंकुश सहगल ने कहा कि अवैध कनेक्शन न केवल विभागीय नियमों का उल्लंघन हैं, बल्कि इससे आम उपभोक्ताओं के अधिकारों का भी हनन होता है।

### राज्यस्तरीय बैडमिंटन चैंपियनशिप में दो खिलाड़ियों ने गोल्ड मेडल पर किया कब्जा, शिक्षकों ने दी बधाई

**अंबाला।** शहर के एसए जैन सीनियर मॉडल स्कूल के छात्रों ने चंडीगढ़ में आयोजित राज्य स्तरीय टूर्नामेंट में अपना शानदार प्रदर्शन किया। बैडमिंटन में मास्टर विशाल प्रशांत चौधरी ने कॉम्पटे बैडमिंटन राज्यस्तरीय टूर्नामेंट – अंडर-17 बॉयज़ सिंगल्स में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक हासिल किया। मास्टर नीरज जैन ने राज्य-स्तरीय पेनकैक सिलाट टूर्नामेंट – 70-75 किग्रा कैटेगरी में अपना शानदार प्रदर्शन दिखाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया ये दोनों उपलब्धियां छात्रों के समर्पण, अनुशासन और बेहतरीन ट्रेनिंग को दर्शाती हैं। उनकी इस सफलता ने हमारे स्कूल का मान बढ़ाया है। स्कूल की प्रबंधक समिति के सदस्यों प्रधान रजत जैन, उपाध्यक्ष डॉ. विनीत जैन, सचिव हितेश जैन, मैनेजर रितेश जैन, कोषाध्यक्ष सुनील जैन, प्रबंधक समिति के सलाहकार रविकांत जैन और प्राचार्या डॉ रेनू गहलावत ने विशाल, नीरज और उनके कोच को बधाई देते हुए भविष्य की प्रतियोगिताओं में उनकी निरंतर सफलता की कामना की। प्राचार्या ने विद्यार्थियों को मोटिवेट करते हुए कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ साथ खेलों में भाग लेना चाहिए। आज के समय में बच्चों पढ़ाई से ज्यादा खेलों में देश व प्रदेश का नाम रोशन कर रहे है। उन्होंने कहा कि एसए जैन स्कूल विद्यार्थियों को खेलो में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करता है। जिससे बच्चे राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहनीय प्रदर्शन कर रहे है।



## अधिकारी लोगों को दिलवाएं कल्याणकारी योजनाओं का समयबद्ध लाभ : रेखा शर्मा

- राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने किया प्रदर्शनी का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला


अंबाला। प्रदर्शनी का अवलोकन करती राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा।

केंद्र सरकार के 12 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित जनकल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा मंगलवार को प्रदर्शनी लगाई गई। आमजन को इस प्रदर्शनी के माध्यम से केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों व योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस प्रदर्शनी का शुभारंभ राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा द्वारा किया गया। उनका यहां पंहुचने पर अतिरिक्त उपायुक्त विराट ने हार्दिक स्वागत एवं अभिंदन किया। इस अवसर पर अंबाला की मेयर अक्षिता सैनी व भाजपा जिला अध्यक्ष मंदीप सिंह राणा भी मौजूद रहें। सांसद रेखा शर्मा ने सर्वप्रथम प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों से सरकार की योजनाओं बारें जानकारी ली और विभाग द्वारा इस प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को जागरूक करने के कार्य की सराहना की।



### लिवासा मेड सेंटर में एडवांस्ड पैट–सीटी का शुभारंभ

**अंबाला।** सिविल सर्जन, मोहाली डॉ संगीता जैन ने मंगलवार को मोहाली के लिवासा मेड सेंटर, मोहाली में अत्याधुनिक पैट –सीटी फैसिलिटी का शुभारंभ किया। इस मौके पर सीईओ-लिवासा अस्पताल, अनुराग यादव भी मौजूद थे।यादव ने कहा कि इस नई फैसिलिटी से तेज़ी से और ज़्यादा सटीक जांच हो सकेगी और पूरे क्षेत्र के कैंसर मरीजों के लिए पर्सनलाइज्ड इलाज की रणनीतियों में मदद मिलेगी।उन्होंने बताया कि इस टेक्नोलॉजी के जुड़ने से लिवासा का व्यापक ऑन्कोलॉजी इकोसिस्टम मजबूत होगा और मरीजों को घर के पास ही एडवांस्ड डायग्नोस्टिक सेवाएं मिल सकेंगी।सीनियर वाइस प्रेसिडेंट-ऑपरेशन्स, डॉ जितेंद्र अरोड़ा ने कहा कि पैट –सीटी फैसिलिटी हमारी डायग्नोस्टिक क्षमताओं को काफी बढ़ाएगी और मल्टीडिसिप्लिनरी कैंसर केयर को मजबूत करेगी। इससे डॉक्टर ज़्यादा सटीकता और भरोसे के साथ इलाज से जुड़े सही फैसले ले सकेंगे।पैट –सीटी इमेजिंग के क्लिनिकल महत्व पर बात करते हुए डॉ अनुपम गौबा ने कहा, पैट –सीटी ने कैंसर की जांच और इलाज के तरीके को बदल दिया है।

### चोरों पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, आरोपियों के कब्जे से 30 लाख का सोना चांदी बरामद

**अंबाला।** छावनी की डिफेंस कॉलोनी में हुई चोरी की बड़ी वारदात को पुलिस ने सुलझा लिया है। सीआईए-2 ने मुस्तैदी और आधुनिक अनुसंधानों का इस्तेमाल करते हुए दो शातिर और आदतन अपराधियों को दबोचकर उनके कब्जे से चोरी किए गए लगभग 30 लाख रुपये मूल्य के सोने व चांदी के जेवरात बरामद करने में सफलता हासिल की है। जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक दलेल सिंह ने बताया कि परिवादी विनय गोयल ने 4 जून 2026 को थाना पंजोखरा में एक लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया था कि 4 जून की दोपहर को वे किसी जरूरी काम से अपने घर से बाहर गए हुए थे। जब वे वापस लौटे तो घर का मुख्य द्वार और अंदर की अलमारियों के ताले टूटे हुए थे। चोरों ने सूने मकान का फायदा उठाकर पूरे घर के सामान को खंगाल डाला था और अलमारियों में रखे लाखों रुपये के सोने-चांदी के गहने चोरी कर लिए थे। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए थाना पंजोखरा साहिब में चोरों के खिलाफ मामला दर्ज किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## मंत्री अनिल विज ने निदेशक तिवारी के साथ जांची लाइट एंड साउंड शो की भव्यता

# शहीद स्मारक के ओपन एयर थियेटर पर बिखरेगी शौर्य की रंगीन आभा

बेहद आकर्षक और डिजिटल अंदाज में रोजाना होगा लाइट एंड साउंड शो, बांधेगा समां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


अंबाला। शहीद स्मारक में खूबसूरत लाइटिंग का बाहरी दृश्य।

ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने आजादी की पहली लड़ाई के शहीद स्मारक के ओपन एयर थियेटर प्रदर्शित किए जाने वाले लाइट एंड साउंड शो का अवलोकन किया। लाइट एंड साउंड शो बनाने वाली मुंबई की टीम के निदेशक लेखक एवं कलाकार अतुल तिवारी भी इस दौरान मौजूद रहे। मेमोरियल टॉवर सहित पांच अलग-अलग स्क्रीन पर प्रदर्शित किए जाने वाले लाइट एंड साउंड शो को बेहद अलग अंदाज में प्रस्तुत किया जाएगा। देर शाम इसका अवलोकन करते हुए ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने टीम को कुछ बिंदुओं पर दिशा-निर्देश दिए।

इसके अलावा उन्होंने बिंदुओं पर भी चर्चा की और दिशा-निर्देश दिए। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि शहीद स्मारक के ओपन एयर थियेटर में रोजाना लाइट एंड साउंड शो होगा जोकि आकर्षण का केंद्र होगा। लाइट एंड साउंड शो को बेहद आकर्षक अंदाज में प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने लाइट एंड साउंड शो तैयार करने वाली टीम से चर्चा की। शहीदी स्मारक में अंबाला शहर से बाहर जीटी रोड़ पर स्थित है। यहां पर आजादी की पहली लड़ाई से संबंधित चीजे रखी गई है। रंगीन लाइटों और साउंड सिस्टम के माध्यम से इतिहास से जुड़े विभिन्न हिस्सों को बेहद आकर्षक तरीके से प्रदर्शित किया जाएगा। इस अवसर पर शहीद स्मारक के निदेशक डॉ. कुलदीप सैनी, पीडब्ल्यूडी के एसई भूपिंद्र सिंह, एक्सईएन रितेश अग्रवाल, एक्सईएन इलेक्ट्रिकल नवीन राठी व तकनीकी स्टाफ एवं अन्य मौजूद रहे।

### आकर्षण का केंद्र होगा थियेटर

शहीद स्मारक के ओपन एयर थियेटर में प्रदर्शित होने वाला लाइट एंड साउंड शो बेहद आकर्षण का केंद्र होगा। अढाई हजार लोगों की क्षमता वाले ओपन एयर थियेटर में रोजाना शो होगा। यहां पांच अलग-अलग स्क्रीन होगी और थियेटर में बैठकर दर्शकों को गौरवशाली इतिहास देख आनंद की अनुभूति होगी। ओपन एयर थियेटर में 205 फुट ऊंचे कमल के आकार के मेमोरियल टॉवर पर प्रोजेक्शन के जरिए इतिहास को प्रदर्शित किया जाएगा।1857 में आजादी की पहली लड़ाई को समर्पित शहीद स्मारक बनकर तैयार है। बहुत जल्द इसका उद्घाटन होगा। स्मारक लगभग 700 करोड़ रुपए की लागत से 22 एकड़ में बना है जिसमें 22 गैलरियों में आजादी की पहली लड़ाई से जुड़े इतिहास को विभिन्न माध्यमों से और बेहद आकर्षक तरीकों से प्रदर्शित किया जाएगा।